दिनांक 06.05.2026 को अभियंता प्रमुख, सिंचाई सृजन, जल संसाधन विभाग, पटना की अध्यक्षता में रू0 50 करोड़ से अधिक राशि की परियोजनाओं के समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाही ।

**बैठक में उपस्थित पदाधिकारीगण एवं संवेदक की सूची परिशिष्ट–1 में संलग्न।**

**मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, जल संसाधन विभाग, सिवान प्रक्षेत्र**

I. **पश्चिमी गंडक नहर प्रणाली (सारण मुख्य नहर एवं इसकी वितरण प्रणाली) के पुनर्स्थापन (ई0आर0एम0) योजना अन्तर्गत सभी नौ ग्रुपों के कार्यों की समीक्षा की गई :–**

**ग्रुप सं0–01**

ग्रुप सं0–01 के कार्यों के नोडल सारण नहर प्रमंडल, भोरे द्वारा बताया गया कि योजना की समेकित अद्यतन भौतिक प्रगति लगभग 34.94 % है। वर्तमान पक्ष में कार्य की भौतिक प्रगति मात्र 0.32 % रही है, जबकि आगामी पक्ष के लिए 43 % भौतिक प्रगति प्राप्त करने का लक्ष्य रखा गया है। समीक्षा के क्रम में यह देखा गया कि आगामी पक्ष हेतु निर्धारित लक्ष्य तुलनात्मक अधिक है। विषयक योजना के संवेदक द्वारा प्रगति कम रहने के संबंध में बताया गया कि प्रारंभ में नहरों पर वृक्ष पातन एवं विद्युत पोल की समस्या की वजह से प्रगति प्रभावित हुई एवं वर्तमान में नहरों से वृक्ष पातन का कार्य किया जा रहा है एवं विद्युत पोल के हस्तानांतरण हेतु प्रमंडलीय स्तर से वांछित निदेश की अपेक्षा की गई। वृक्ष पातन एवं विद्युत पोल विस्थापन संबंधित कार्यों के संबंध में पूर्व में दिये गये निदेशों के आलोक में यथाशीघ्र कार्रवाई करना सुनिश्चित किया जाय, ताकि कार्य की प्रगति में व्यवधान उत्पन्न न हो।

संबंधित कार्यपालक अभियंता एवं संवेदक को निदेशित किया गया कि निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति हेतु आवश्यक मशीनरी, श्रमबल, निर्माण सामग्रियों की आवश्यकता एवं स्थल पर उपलब्धता से संबंधित प्रतिवेदन एवं आगामी पक्ष हेतु कार्यक्रम संवेदक/संवेदक प्रतिनिधि के साथ तैयार करते हुये आज दिनांक 06.05.2026 के शाम तक विभाग को उपलब्ध कराया जाय।

**(कार्रवाई–मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, सिवान/अधीक्षण अभियंता, सारण नहर अंचल, सिवान/कार्यपालक अभियंता, सारण नहर प्रमंडल, भोरे)**

**ग्रुप सं0–02 (ग्रुप सं0–07 सहित)**

ग्रुप सं0–02 (ग्रुप सं0–07 सहित) का कार्य सारण नहर प्रमंडल, गोपालगंज, भोरे एवं मढ़ौरा अन्तर्गत फैला हुआ है। इस कार्य का नोडल प्रमंडल सारण नहर प्रमंडल, गोपालगंज है। क्षेत्रीय अभियंताओं द्वारा बताया गया कि योजना की समेकित अद्यतन भौतिक प्रगति लगभग 49.49 % है।

वर्तमान पक्ष में कार्य की भौतिक प्रगति 0.10 % रही है, जबकि आगामी पक्ष के लिए 40 % भौतिक प्रगति प्राप्त करने का लक्ष्य रखा गया है। इस संबंध में मुख्य अभियंता, योजना एवं मोनिटरिंग, जल संसाधन विभाग, पटना द्वारा संबंधित कार्यपालक अभियंता से पूछा गया कि किस प्रकार निर्धारित लक्ष्य 40 % को प्राप्त आगामी पक्ष में प्राप्त किया जायेगा, जबकि पिछले पक्ष में मात्र 0.1% प्रगति प्राप्त की गई है तथा निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति हेतु आवश्यक संसाधन कार्य स्थल पर उपस्थित है अथवा नहीं ?

संबंधित कार्यपालक अभियंता को निदेश दिया गया कि निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु आवश्यक मशीनरी, श्रमबल, निर्माण सामग्रियों की आवश्यकता एवं स्थल पर उपलब्धता से संबंधित प्रतिवेदन एवं आगामी पक्ष हेतु कार्यक्रम संवेदक/संवेदक प्रतिनिधि के साथ तैयार करते हुये आज दिनांक 06.05.2026 के शाम तक विभाग को उपलब्ध कराया जाय। बैठक के दौरान विभागीय पदाधिकारियों द्वारा कार्य की प्रगति बहुत हीं धीमी रहने के कारण अप्रसन्नता व्यक्त की गई। बैठक के दौरान क्षेत्रीय पदाधिकारियों एवं संवेदक को निर्धारित विशिष्टि एवं गुणवत्ता के साथ ससमय कार्य पूर्ण कराने का निदेश दिया गया।

योजना के संवेदक द्वारा बताया गया कि गोपालगंज प्रमंडल अन्तर्गत तकिया याकुब माईनर, मलिकानाधामा माईनर में कार्य प्रारंभ किया गया है। मढ़ौरा प्रमंडल अन्तर्गत शेखपुरा वितरणी, सतजोड़ा वितरणी, परसा उपवितरणी, मधेशिया माईनर में काम चल रहा है, जिसे 31.05.2026 तक पूर्ण कर लिया जायेगा तथा सारण नहर प्रमंडल, भोरे अन्तर्गत दुलारपुर वितरणी में अविलंब कार्य प्रारंभ किया जायेगा।

**(कार्रवाई–मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, सिवान/अधीक्षण अभियंता, सारण नहर अंचल, सिवान/छपरा/कार्यपालक अभियंता, सारण नहर प्रमंडल, गोपालगंज/भोरे/मढ़ौरा)**

**ग्रुप सं0–03**

ग्रुप सं0–03 का कार्य सारण नहर प्रमंडल, मैरवा अन्तर्गत है। क्षेत्रीय अभियंताओं द्वारा बताया गया कि योजना की समेकित अद्यतन भौतिक प्रगति लगभग 83.14 % है। वर्तमान पक्ष में कार्य को भौतिक प्रगति 0.90 % रही है, जबकि आगामी पक्ष के लिए 15 % भौतिक प्रगति प्राप्त करने का लक्ष्य रखा गया है। समीक्षा के

क्रम में यह देखा गया कि उपर्युक्त निर्धारित लक्ष्य पूर्व पक्ष के प्रगति के सापेक्ष्य नहीं है। संबंधित कार्यपालक अभियंता को निदेश दिया गया कि निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु आवश्यक मशीनरी, श्रमबल, निर्माण सामग्रियों की आवश्यकता एवं स्थल पर उपलब्धता से संबंधित प्रतिवेदन एवं आगामी पक्ष हेतु कार्यक्रम संवेदक/संवेदक प्रतिनिधि के साथ तैयार करते हुये आज दिनांक 06.05.2026 के शाम तक विभाग को उपलब्ध कराया जाय।

वृक्ष पातन संबंधित कार्यों को पूर्व में दिये गये निदेशों के अनुसार सम्पन्न कराने का निदेश दिया गया, ताकि कार्य में व्यवधान न हो। इस कार्य में विद्युत पोल शिफ्टिंग का कोई मामला नहीं है।

बैठक के दौरान क्षेत्रीय पदाधिकारियों एवं संवेदक को निर्धारित विशिष्टि एवं गुणवत्ता के साथ ससमय कार्य पूर्ण कराने का निदेश दिया गया।

**(कार्रवाई–मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, सिवान/अधीक्षण अभियंता, सारण नहर अंचल, सिवान/कार्यपालक अभियंता, सारण नहर प्रमंडल, मैरवा)**

**ग्रुप सं0–04**

ग्रुप सं0–04 का कार्य सारण नहर प्रमंडल, सिवान एवं भोरे अन्तर्गत फैला हुआ है। इस कार्य का नोडल प्रमंडल सारण नहर प्रमंडल, सिवान है। क्षेत्रीय अभियंताओं द्वारा बताया गया कि योजना की समेकित अद्यतन भौतिक प्रगति लगभग 26.26 % है। वर्तमान पक्ष में कार्य की भौतिक प्रगति 0.50 % रही है, जबकि आगामी पक्ष के लिए 11 % भौतिक प्रगति प्राप्त करने का लक्ष्य रखा गया है। समीक्षा के क्रम में यह देखा गया कि निर्धारित लक्ष्य पूर्व पक्ष के प्रगति के सापेक्ष्य नहीं है। बैठक के दौरान विभागीय पदाधिकारियों द्वारा कार्य की प्रगति बहुत हीं धीमी रहने के कारण अप्रसन्नता व्यक्त की गई। संबंधित कार्यपालक अभियंता को निदेश दिया गया कि निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु आवश्यक मशीनरी, श्रमबल, निर्माण सामग्रियों की आवश्यकता एवं स्थल पर उपलब्धता से संबंधित प्रतिवेदन एवं आगामी पक्ष हेतु कार्यक्रम संवेदक/संवेदक प्रतिनिधि के साथ तैयार करते हुये आज दिनांक 06.05.2026 के शाम तक विभाग को उपलब्ध कराया जाय।

वृक्ष पातन एवं विद्युत पोल विस्थापन संबंधित कार्यों को पूर्व में दिये गये निदेशों के अनुसार सम्पन्न कराने का निदेश दिया गया, ताकि कार्य की प्रगति में व्यवधान उत्पन्न न हो।

**(कार्रवाई–मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, सिवान/अधीक्षण अभियंता, सारण नहर अंचल, सिवान/कार्यपालक अभियंता, सारण नहर प्रमंडल, सिवान/भोरे)**

**ग्रुप सं0–05**

ग्रुप सं0–05 का कार्य सारण नहर प्रमंडल, एकमा, महाराजगंज एवं छपरा अन्तर्गत फैला हुआ है। इस कार्य का नोडल प्रमंडल सारण नहर प्रमंडल, एकमा है। क्षेत्रीय अभियंताओं द्वारा बताया गया कि योजना की समेकित अद्यतन भौतिक प्रगति लगभग 85.89 % है। वर्तमान पक्ष में कार्य की भौतिक प्रगति 0.27 % रही है, जबकि आगामी पक्ष के लिए 14 % भौतिक प्रगति प्राप्त करने का लक्ष्य रखा गया है। समीक्षा के क्रम में यह देखा गया कि आगामी पक्ष हेतु निर्धारित लक्ष्य तुलनात्मक अधिक है। संबंधित कार्यपालक अभियंता को निदेश दिया गया कि निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु आवश्यक मशीनरी, श्रमबल, निर्माण सामग्रियों की आवश्यकता एवं स्थल पर उपलब्धता से संबंधित प्रतिवेदन एवं आगामी पक्ष हेतु कार्यक्रम संवेदक/संवेदक प्रतिनिधि के साथ तैयार करते हुये आज दिनांक 06.05.2026 के शाम तक विभाग को उपलब्ध कराया जाय। साथ हीं क्षेत्रीय अभियंताओं एवं संबंधित संवेदक को निर्धारित एवं विशिष्टि के साथ कार्य को निर्धारित समय 31.05.2026 तक पूर्ण कराने का निदेश दिया गया।

समीक्षा के क्रम में संवेदक द्वारा बताया गया कि कार्य में बाधक बने वृक्षो के पातन हेतु नहरों के सिर्फ आंतरिक स्लोप एवं बेड पर अवस्थित वृक्षों के पातन हेतु ही वन विभाग से अनुमति प्राप्त हुआ है जबकि निर्माण सामग्री एवं मशीनरी के Moblisation के लिए नहर के बाह्य स्लोप पर अवस्थित कुछ वृक्षों के पातन की आवश्यकता है। कार्य के ससमय निष्पादन हेतु कार्य मे बाधक बने पेड़ों की आवश्यकतानुसार पातन के आदेश की अपेक्षा की गई। संबंधित कार्यपालक अभियंता को निदेश दिया गया कि संवेदक द्वारा उठाये गये उक्त बिन्दुओं के समाधान निमित्त संबंधित वन प्रमंडल पदाधिकारी, सारण के साथ समन्वय स्थापित करते हुये समस्या का समाधान किया जाय, ताकि कार्य को ससमय गुणवत्ता एवं विशिष्टि के अनुरूप पूर्ण किया जा सके।

**(कार्रवाई–मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, सिवान/अधीक्षण अभियंता, सारण नहर अंचल, छपरा/कार्यपालक अभियंता, सारण नहर प्रमंडल, एकमा/महाराजगंज/छपरा)**

**ग्रुप सं0–06**

ग्रुप सं0–06 का कार्य सारण नहर प्रमंडल, छपरा, महाराजगंज एवं एकमा अन्तर्गत फैला हुआ है। इस कार्य का नोडल प्रमंडल सारण नहर प्रमंडल, छपरा है। क्षेत्रीय अभियंताओं द्वारा बताया गया कि कार्य की समेकित भौतिक प्रगति लगभग 87.52 % है। वर्तमान पक्ष में कार्य की भौतिक प्रगति 0.34 % रही है, जबकि आगामी

पक्ष के लिए 12 % भौतिक प्रगति प्राप्त करने का लक्ष्य रखा गया है। समीक्षा के क्रम में यह देखा गया कि आगामी पक्ष हेतु निर्धारित लक्ष्य तुलनात्मक अधिक है। संबंधित कार्यपालक अभियंता को निदेश दिया गया कि निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु आवश्यक मशीनरी, श्रमबल, निर्माण सामग्रियों की आवश्यकता एवं स्थल पर उपलब्धता से संबंधित प्रतिवेदन एवं आगामी पक्ष हेतु कार्यक्रम संवेदक/संवेदक प्रतिनिधि के साथ तैयार करते हुये आज दिनांक 06.05.2026 के शाम तक विभाग को उपलब्ध कराया जाय। साथ ही क्षेत्रीय अभियंताओं एवं संबंधित संवेदक को निर्धारित एवं विशिष्टि के साथ कार्य को निर्धारित समय 31.05.2026 तक पूर्ण कराने का निदेश दिया गया।

समीक्षा के क्रम में संवेदक द्वारा बताया गया कि कार्य में बाधक बने वृक्षो के पातन हेतु नहरों के सिर्फ आंतरिक स्लोप एवं बेड पर अवस्थित वृक्षों के पातन हेतु ही वन विभाग से अनुमति प्राप्त हुआ है जबकि निर्माण सामग्री एवं मशीनरी के Moblisation के लिए नहर के बाह्य स्लोप पर अवस्थित कुछ वृक्षों के पातन की आवश्यकता है। कार्य के ससमय निष्पादन हेतु कार्य मे बाधक बने पेड़ों की आवश्यकतानुसार पातन के आदेश की अपेक्षा की गई। संबंधित कार्यपालक अभियंता को निदेश दिया गया कि संवेदक द्वारा उठाये गये उक्त बिन्दुओं के समाधान निमित्त संबंधित वन प्रमंडल पदाधिकारी, सारण के साथ समन्वय स्थापित करते हुये समस्या का समाधान किया जाय, ताकि कार्य को ससमय गुणवत्ता एवं विशिष्टि के अनुरूप पूर्ण किया जा सके।

**(कार्रवाई–मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, सिवान/अधीक्षण अभियंता, सारण नहर अंचल, छपरा/कार्यपालक अभियंता, सारण नहर प्रमंडल, एकमा/महाराजगंज/छपरा)**

**<u>ग्रुप सं0–08</u>**

ग्रुप सं0–08 का कार्य सारण नहर प्रमंडल, गोपालगंज, सिवान एवं मढ़ौरा अन्तर्गत फैला हुआ है। इस कार्य का नोडल प्रमंडल सारण नहर प्रमंडल, गोपालगंज है। क्षेत्रीय अभियंताओं द्वारा बताया गया कि कार्य की भौतिक प्रगति लगभग 91.82 % है। वर्तमान पक्ष में कार्य की भौतिक प्रगति 0.82 % रही है, जबकि आगामी पक्ष के लिए 08 % भौतिक प्रगति प्राप्त करने का लक्ष्य रखा गया है। बैठक के दौरान क्षेत्रीय पदाधिकारियों एवं संवेदक द्वारा आश्वस्त किया गया कि कार्य को निर्धारित तिथि दिनांक 31.05.2026 तक पूर्ण करा लिया जायेगा। संबंधित कार्यपालक अभियंता को निदेश दिया गया कि निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु आवश्यक मशीनरी, श्रमबल, निर्माण सामग्रियों की आवश्यकता एवं स्थल पर उपलब्धता से संबंधित प्रतिवेदन एवं आगामी पक्ष हेतु कार्यक्रम संवेदक/संवेदक प्रतिनिधि के साथ तैयार करते हुये आज दिनांक 06.05.2026 के शाम तक विभाग को उपलब्ध कराया जाय। विभागीय पदाधिकारियों द्वारा संबंधित क्षेत्रीय अभियंताओं एवं संवेदक को यह निदेश दिया गया कि कार्य पूर्ण होने पर है, अतएव सभी अवयवों एवं कार्यों को विशिष्टि एवं गुणवत्ता के साथ Finishing प्रदान करते हुये पूर्ण कराना सुनिश्चित किया जाय।

**(कार्रवाई–मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, सिवान/अधीक्षण अभियंता, सारण नहर अंचल, सिवान/छपरा/कार्यपालक अभियंता, सारण नहर प्रमंडल, गोपालगंज/सिवान/मढ़ौरा )**

**<u>ग्रुप सं0–09</u>**

ग्रुप सं0–09 का कार्य सारण नहर प्रमंडल, मैरवा अन्तर्गत है। क्षेत्रीय अभियंताओं द्वारा बताया गया कि कार्य की भौतिक प्रगति 46.34 % है। कार्य को पूर्ण करने की तिथि 31.03.2027 है।

बैठक के दौरान मुख्य अभियंता द्वारा बताया गया कि संवेदक को स्वीकृत समय अवधि के दौरान कार्य को पूर्ण करने का निदेश दिया गया है तथा वर्तमान में उनके द्वारा श्रम संसाधनों, मशीनबलों को नहरों पर स्थापित किया जा रहा है। संवेदक द्वारा आश्वस्त किया गया कि दिनांक 31.03.2027 तक कार्य पूर्ण करा लिया जायेगा। बैठक के दौरान विभाग स्तर से यह निदेशित किया गया कि संबंधित क्षेत्रीय अभियंताओं को कार्य निर्धारित तिथि तक पूर्ण कराने हेतु आवश्यक मशीनरी, श्रमबल, निर्माण सामग्रियों की आवश्यकता एवं स्थल पर उपलब्धता से संबंधित प्रतिवेदन एवं आगामी पक्ष हेतु कार्यक्रम संवेदक/संवेदक प्रतिनिधि के साथ तैयार करते हुये दिनांक 06.05.2026 तक विभाग को उपलब्ध करायें एवं निर्धारित विशिष्टि एवं गुणवत्ता के साथ कार्य ससमय पूर्ण कराना सुनिश्चित किया जाय।

**(कार्रवाई–मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, सिवान/अधीक्षण अभियंता, सारण नहर अंचल, सिवान/कार्यपालक अभियंता, सारण नहर प्रमंडल, मैरवा)**

2. **सारण मुख्य नहर के कि0मी0 0.00 से 17.00 तक का पुनर्स्थापन एवं लाईनिंग कार्य की समीक्षा की गई :–**

यह कार्य सारण नहर प्रमंडल, गोपालगंज अन्तर्गत है। क्षेत्रीय अभियंताओं द्वारा बताया गया कि कार्य की भौतिक प्रगति 98.50 % है। कार्य पूर्ण करने की निर्धारित तिथि 14.06.2026 है। वर्तमान पक्ष में कार्य की भौतिक प्रगति 0.5 % रही है एवं आगामी पक्ष के लिए 1.5 % भौतिक प्रगति प्राप्त करने का लक्ष्य रखा गया है। समीक्षा के क्रम में कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया गया कि यह कार्य ससमय पूर्ण करा लिया जायेगा।

विभागीय पदाधिकारियों द्वारा संबंधित क्षेत्रीय अभियंताओं एवं संवेदक को यह निदेश दिया गया कि कार्य पूर्ण होने पर है, अतएव सभी अवयवों एवं कार्यों को विशिष्टि एवं गुणवत्ता के साथ finishing प्रदान करते हुये पूर्ण कराना सुनिश्चित किया जाय।

**(कार्रवाई–मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, सिवान/अधीक्षण अभियंता, सारण नहर अंचल, सिवान/कार्यपालक अभियंता, सारण नहर प्रमंडल, गोपालगंज)**

15.5.26

(अनवर जमील)
अभियंता प्रमुख, सिंचाई सृजन,
जल संसाधन विभाग, पटना।

ज्ञापांक:– मो0 2 - 1019 /पटना, दिनांक : 18-05-2026

प्रतिलिपि:– मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, जल संसाधन विभाग सिवान/अधीक्षण अभियंता, सारण नहर अंचल, सिवान/छपरा तथा कार्यपालक अभियंता, सारण नहर प्रमंडल, भोरे/छपरा/महाराजगंज/एकमा/मढ़ौरा/मैरवा/गोपालगंज/सिवान को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। निदेश है कि मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, सिवान अपने स्तर से सभी संबंधित संवेदक को बैठक की कार्यवाही उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

15.5.26

(अनवर जमील)
अभियंता प्रमुख, सिंचाई सृजन

ज्ञापांक:– मो0 2 - 1019 /पटना, दिनांक : 18-05-2026

प्रतिलिपि:– सचिव के प्रधान आप्त सचिव, जल संसाधन विभाग, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

15.5.26

(अनवर जमील)
अभियंता प्रमुख, सिंचाई सृजन

ज्ञापांक:– मो0 2 — 1019 /पटना, दिनांक : 18-05-2026

प्रतिलिपि:– माननीय मंत्री, जल संसाधन विभाग के आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

15.5.26

(अनवर जमील)
अभियंता प्रमुख, सिंचाई सृजन

ज्ञापांक:– मो0 2 - 1019 /पटना, दिनांक : 18-05-2026

प्रतिलिपि:– कार्यपालक अभियंता, आई0टी0, जल संसाधन विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई तथा विभागीय वेबसाईट पर प्रकाशित करने हेतु प्रेषित।

15.5.26

(अनवर जमील)
अभियंता प्रमुख, सिंचाई सृजन

परिशिष्ट–1 :–

मुख्यालय स्तर से :–

1. ई0 अनवर जमील, अभियंता प्रमुख, सिंचाई सृजन, जल संसाधन विभाग, पटना।
2. ई0 धर्मेन्द्र कुमार, मुख्य अभियंता, योजना एवं मोनिटरिंग, जल संसाधन विभाग, पटना।
3. ई0 प्रशांत कुमार, अधीक्षण अभियंता, योजना एवं मोनिटरिंग अंचल–2, पटना।
4. ई0 प्रफुल्ल कुमार, कार्यपालक अभियंता, योजना एवं मोनिटरिंग प्रमंडल–7, पटना।
5. ई0 इन्द्रजीत कुमार, सहायक अभियंता, योजना एवं मोनिटरिंग अंचल–02।
6. ई0 नीरज कुमार सिंह, सहायक अभियंता, योजना एवं मोनिटरिंग अंचल–02।

क्षेत्रीय स्तर से (ऑनलाईन) :–

1. ई0 रजी हैदर, मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, जल संसाधन विभाग, सिवान।
2. ई0 अनिल कुमार, अधीक्षण अभियंता, सारण नहर अंचल, सिवान ।
3. ई0 मो0 इमरान अहमद, अधीक्षण अभियंता, सारण नहर अंचल, छपरा।
4. संबंधित सभी कार्यपालक अभियंता/सहायक अभियंता सारण नहर प्रमंडल, गोपालगंज/मैरवा/भोरे/सिवान/मढ़ौरा/महाराजगंज/एकमा/छपरा।
5. संबंधित संवेदक/संवेदक के प्रतिनिधि, R.K.S Engicon Pvt. Ltd./ M/S Baibhav Pvt. Ltd./ M/S Kamladitya Const. Pvt. Ltd./ Patel Engg./ Sri Ram Enterprises